PG Even Semester Exam, May 2025

HINDI

2nd Semester

Course No. HIN-553

कथा साहित्य

(Katha Sahitya)

Full Marks: 70
Pass Marks: 28

Time: 3 hours

सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 7*2=14

क) हर एक गृहस्थ की भाँति होरी के मन में भी गऊ की लालसा चिरकाल सेसंचित चली आती थी। यही उसके जीवन का सबसे बड़ा स्वप्न सबसे बड़ी साध थी। बैंक के सूद से चैन करने या जमीन खरीदने या महल बनवाने कीविशाल आकांक्षाएँ उसके नन्हें से हृदय में कैसे समातीं !

ख) जिस जीवन को उत्पन्न करने में हमारे संसार की सारी शक्तियाँ, हमारेविकास, हमारे विज्ञान, हमारी सभ्यता द्वारा निर्मित सारी क्षमताएँ या औजारअसमर्थ हैं, उसी जीवन को छीन लेने में, उसी का विनाश करने में, ऐसी भोलीहृदयहीनता।

(Turn over)

ग) लछमी के शरीर से एक खास तरह की सुगंध निकलती है। पंचायत मेंलछमी बलदेव के पास ही बैठी थी। बलदेव को रामनगर मेला के दुर्गा मंदिरकी तरह गंध लगती है-

मनोहर सुगंध! पवित्र गंध!... औरतों की देह से तोहल्दी, लहसुन, प्याज और घाम की गंध निकलती है!

घ) वह दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछतीं, पर वह बार-बार उमड़ आते, जैसे बरसोंका बांध तोड़कर उमर आए हो। मां ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे को चिरायु होने की प्रार्थना की, बारबार आँखेंबंद की, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही ना आते थे।

ङ) जब मैं अपने हृदय पर विश्वास नहीं कर सकी, उसी ने धोखा दिया, तब मैं कैसे कहूँ? मैं तुम्हें घृणा करती हूँ, फिर भी तुम्हारे लए मर सकती हूँ। अंधेर है जलदस्यु! तुम्हें प्यार करती हूँ!

2. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास के विकास को रेखांकित कीजिए। 14

अथवा

हिंदी कहानी के उद्भव और विकास पर एक निबंध लिखिए।

3. "गोदान में भारतीय किसानों की वेदना की अभिव्यक्ति हुई है।"- कथन केप्रकाश में गोदान उपन्यास का विवेचन कीजिए। 14

अथवा

एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास के रूप में 'शेखर: एक जीवनी' की समीक्षा कीजिए।

4. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की स्त्री चेतना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'मैला आँचल' की आंचलिकता पर विचार कीजिए।

5. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की मूल संवेदना को उद्घाटित कीजिए। 14

अथवा

"मलबे का मालिक कहानी देश विभाजन की त्रासदी का जीवंत दस्तावेज है"- कथन के औचित्य पर विचार कीजिए।

★★★